मेवाड़ जगत
डिजिटल ई-पेपर

अर्थ डायग्नोस्टिक्स
Meaningful, Authentic & Dedicated
डबल क्वालिटी सर्टिफाइड
NABL & NABH
प्रमाणित
4-सी, एपेक्स चेम्बर, भारतीय लोक कला मंडल के पीछे, मधुबन, उदयपुर
Call: 70733 08880 / 70738 18880
अर्थ डायग्नोस्टिक्स
Meaningful, Authentic & Dedicated



# 60 साल का दूल्हा और 58 साल की दुल्हन

## 25 साल लिव-इन में रहने के बाद लिए फेरे, चार बेटों ने करवाई शादी

मेवाड़ जगत

**बांसवाड़ा।** जिले में आनंदपुरी की एक शादी चर्चा का विषय बनी हुई है। शेरगढ़ क्षेत्र के सालिया गांव में 60 वर्षीय रतना ने 58 साल की कड़वी देवी से शादी की खास बात यह है कि दोनों बुजुर्ग 25 साल तक साथ रहे और फिर ग्रामीणों की मौजूदगी में विवाह की रस्म पूरी की। शादी इसलिए भी खास थीए क्योंकि इसका आयोजन उनके चारों बेटों ने मिलकर किया। विवाह से पहले



हल्दी सहित सभी पारंपरिक रस्में निभाई गईं। ढोल-कुंडी की थाप, मंगल गीतों और पारंपरिक उत्सव के माहौल के बीच बुजुर्ग दंपती ने विधिवत फेरे लिए। समारोह में बड़ी संख्या में परिजन और स्थानीय लोग मौजूद रहे। शादी के वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहे हैं।

### बेटों ने इस वजह से करवाई मां-बाप की शादी

समय के साथ परिवार की आर्थिक स्थिति बेहतर हुई तो बेटों ने अपने माता-पिता को सामाजिक सम्मान दिलाने का निर्णय लिया। इसके बाद पूरे परिवार और समाजजनों की मौजूदगी में पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ विवाह समारोह आयोजित किया गया।

# नामांकन रद्द होने के खिलाफ मीनाक्षी की याचिका खारिज

**भोपाल।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता मीनाक्षी नटराजन की याचिका खारिज कर दी। उन्होंने राज्यसभा चुनाव के लिए उनका नामांकन रद्द किए जाने के फैसले को चुनौती दी थी। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में सीधे रिट याचिका नहीं सुनी जा सकती। अगर उन्हें फैसले पर आपत्ति है तो वे चुनाव याचिका दायर करें। जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस एएस चंदूरकर की बेंच ने कहा कि संविधान का अनुच्छेद 329 चुनाव प्रक्रिया में अदालतों के हस्तक्षेप को सीमित करता है। इसलिए सुप्रीम कोर्ट इस मामले में रिट पिटीशन पर सुनवाई नहीं कर सकता। नामांकन रद्द करने का फैसला सही था या गलत, अदालत ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की। कोर्ट ने कहा कि चुनाव से जुड़े ऐसे विवादों का समाधान चुनाव याचिका के जरिए किया जाना चाहिए। मीनाक्षी नटराजन चाहें तो चुनाव याचिका दाखिल कर इस फैसले को चुनौती दे सकती हैं।

# कॉकरोच जनता पार्टी की राजस्थान में एंट्री

**जयपुर।** पिछले दिनों सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्म पर धूम मचाने वाली कॉकरोच जनता पार्टी अब धरातल पर उतरते हुए अलग-अलग राज्यों में अपना विस्तार कर रही है। हालांकि अभी तक कॉकरोच जनता पार्टी को राजनैतिक पार्टी का दर्जा नहीं मिला है लेकिन सोशल मीडिया पर एक जन आंदोलन के रूप में पार्टी को जाना जाने लगा है। यह युवाओं का एक बड़ा समूह है जो अपनी मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ बड़ा आंदोलन करने जा रहे हैं। कॉकरोच जनता पार्टी यानी सीजेपी की एंट्री अब राजस्थान में भी हो गई है। राजस्थान में जिन युवाओं




को कॉकरोच जनता पार्टी से जोड़ा जा रहा है, उस टीम को भी मीडिया के सामने प्रजेंट किया जाएगा। राजस्थान में मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी अभिषेक जैन बिट्टू को दी गई है जो पूर्व में आम आदमी पार्टी में पदाधिकारी रहे हैं। अभिषेक जैन बिट्टू ने बताया कि युवाओं के मुद्दों को लेकर सीजेपी अब पूरे देश में जन आंदोलन चला रही है। इसकी शुरुआत गुरुवार 11 जून को पुणे से हो चुकी है। आगामी दिनों में राजस्थान में भी आंदोलन किया जाएगा। इसकी रूपरेखा राष्ट्रीय पदाधिकारियों के साथ बैठकर तैयार की जा रही है। बिट्टू ने कहा कि सीजेपी की ओर से जल्द ही राजस्थान की राजधानी जयपुर में राज्यस्तरीय आंदोलन किया जाना प्रस्तावित है।

# लाइफ जैकेट उतारकर नाव से झील में कूदा पर्यटक, हुई मौत

मेवाड़ जगत

**उदयपुर।** शहर की प्रमुख फतहसागर झील में शुक्रवार को नाव में बैठने जा रहे एक युवक ने लाईफ जैकेट खोलकर कूद गया। उसे कूदता देखकर बोट ऑपरेटर ने भी उसे बचाने के लिए छलांग लगाई पर वह उसे नहीं बचा पाय और इस युवक की मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार एक युवक शुक्रवार दोपहर को मोती मगरी के सामने स्थित उज्जैन बोटिंग प्वाइंट से टिकट लिया और बोट में बैठने के लिए पहुंचा, लेकिन



बोट पर सवार होने से पहले ही उसने अपना लाइफ जैकेट उतारा और झील में छलांग लगा दी। उसी वक्त बोट ऑपरेटर दिल बहादुर उसे बचाने के लिए पानी में कूद गया, लेकिन वह उसे बचा नहीं पाया। घटना की सूचना मिलते ही अंबामाता थाना पुलिस और सिविल डिफेंस की टीम मौके पर पहुंची। इस दौरान मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। सिविल डिफेंस की टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर महज 15 मिनट में शव को बाहर निकाल लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर एमबी हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया है।बोट चलाने वाले दिल बहादुर ने बताया मैं खाना खा रहा था, तभी अचानक किसी टूरिस्ट के झील में कूदने का पता चला।

मेवाड़ जगत



# उदयपुर रेल नेटवर्क को मिलेगी नई रफ्तार

## उमरड़ा-देबारी के बीच बिछेगी दूसरी रेल लाइन, घाटावाली माता क्षेत्र में बनेगी 550 मीटर लंबी नई सुरंग

मेवाड़ जगत

**उदयपुर।** मेवाड़ के रेल यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। लंबे समय से बढ़ते रेल यातायात दबाव को देखते हुए उमरड़ा-देबारी रेलखंड के दोहरीकरण (डबल ट्रैक) की बहुप्रतीक्षित परियोजना अब धरातल पर उतरने जा रही है। उत्तर-पश्चिम रेलवे (निर्माण संगठन) ने 24.78 किलोमीटर लंबे इस रेलखंड के दोहरीकरण के लिए भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया शुरू कर दी है। केंद्र सरकार की ओर से राजपत्र अधिसूचना जारी होने के साथ ही परियोजना ने गति पकड़ ली है। करीब 467 करोड़ रुपए की लागत वाली इस परियोजना के पूरा होने के बाद उदयपुर रेल मार्ग पर ट्रेनों की आवाजाही अधिक सुगम होगी और यात्रियों




को बेहतर रेल सुविधाएं मिल सकेंगी। परियोजना के लिए उदयपुर और गिर्वा तहसील क्षेत्र की कुल 9.7770 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया जाएगा। इसमें निजी, सरकारी और यूडीए की भूमि शामिल है। रेलवे द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार रेबारियों की ढाणी, देबारी, झरनों की सराय, भैंसड़ाखुर्द, डांगियों की पचोली, धोली मगरी, बेड़वास, मादड़ी पुरोहितान, आयड़, पानेरियों की मादड़ी, सवीना, एकलिंगपुरा और खेड़ा कानपुर सहित कई क्षेत्रों की भूमि इस परियोजना के दायरे में आएगी। परियोजना का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा देबारी घाटा क्षेत्र में प्रस्तावित नई सुरंग है। घाटावाली माता मंदिर के समीप मौजूदा सुरंग के समानांतर करीब 550 मीटर लंबी नई टनल का निर्माण किया जाएगा। पहाड़ी क्षेत्र में बनने वाली यह सुरंग परियोजना की प्रमुख इंजीनियरिंग उपलब्धियों में शामिल होगी और रेल संचालन को अधिक सुरक्षित एवं सुगम बनाएगी। रेलखंड के दोहरीकरण से उमरड़ा और देबारी के बीच ट्रेनों की क्रॉसिंग के दौरान होने वाली देरी कम होगी। वर्तमान में कई बार ट्रेनों को आउटर पर इंतजार करना पड़ता है, जिससे समय प्रभावित होता है। डबल ट्रैक बनने के बाद यात्री और मालगाड़ी दोनों का संचालन अधिक सुचारू हो सकेगा तथा ट्रेनों की समयपालन क्षमता में भी सुधार आएगा। रेल विशेषज्ञों का मानना है कि इस रेलखंड के दोहरीकरण से भविष्य में उदयपुर से नई यात्री ट्रेनों के संचालन की संभावनाएं भी बढ़ेंगी। साथ ही लगातार बढ़ रहे रेल यातायात के दबाव को संभालने में रेलवे को सुविधा मिलेगी और क्षेत्र के आर्थिक विकास को भी गति मिलेगी।

रेलवे अधिनियम के तहत भूमि अधिग्रहण से प्रभावित व्यक्ति अधिसूचना जारी होने के 30 दिनों के भीतर जिला कलेक्टर कार्यालय में अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकेंगे। आपत्ति के समर्थन में उचित कारण और दस्तावेज देना आवश्यक होगा।

**तीन साल में पूरा होगा काम**

रेल मंत्रालय ने इस परियोजना को दिसंबर 2025 में मंजूरी प्रदान की थी। इसके बाद सर्वे कार्य पूरा कर भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू की गई। रेलवे ने इस परियोजना को तीन वर्ष में पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। परियोजना पूरी होने के बाद उदयपुर रेल नेटवर्क को नई गति मिलेगी और यात्रियों को अधिक सुविधाजनक, तेज एवं बेहतर रेल सेवाओं का लाभ मिल सकेगा।

## प्रश्नोत्तरी

**Q1.** हाल ही में 11-12 जून 2026 को वैश्विक आतंकवाद और डिजिटल सुरक्षा पर चर्चा के लिए 'अंतरराष्ट्रीय साइबर सुरक्षा शिखर सम्मेलन 2026' का आयोजन कहाँ किया गया है?

[A] जेनेवा (स्विट्जरलैंड) [B] नई दिल्ली (भारत) [C] सिंगापुर [D] लंदन (यूनाइटेड किंगडम)

**Q2.** जून 2026 में राजस्थान आवासन मंडल और नगरीय विकास विभाग द्वारा राज्य के किस शहर को 'ग्रीन और स्मार्ट टाउनशिप' मॉडल के रूप में विकसित करने के लिए ₹800 करोड़ के प्रोजेक्ट को मंजूरी दी गई है?

[A] भिवाड़ी (खैरथल-तिजारा) [B] कोटा (Kota) [C] बोरानाडा (जोधपुर) [D] अचरोल (जयपुर)

**Q3.** राजस्थान आर्थिक समीक्षा के अनुसार, राज्य में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के विकास के लिए संचालित 'महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना' के तहत, राज्य सरकार द्वारा अपने स्वयं के कोष से विशेष श्रेणियों (जैसे कथौड़ी, सहरिया जनजाति और विशेष योग्यजन) को कितने दिनों का अतिरिक्त रोजगार प्रदान किया जाता है?

[A] 25 दिन [B] 50 दिन [C] 100 दिन [D] 150 दिन

**Q4.** इन्दिरा गांधी नहर परियोजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए तथा कूट की सहायता से सही उत्तर चुनिए:

1. इस मुख्य नहर की कुल लंबाई 649 किलोमीटर है, जो हरि के बैराज (पंजाब) से शुरू होकर मोहनगढ़ (जैसलमेर) तक जाती है।
2. इस परियोजना की सभी लिफ्ट नहरें मुख्य नहर के बाई ओर निर्मित की गई हैं क्योंकि दाई ओर का धरातल ऊंचा है।

[A] केवल 1 सत्य है। [B] केवल 2 सत्य है। [C] 1 और 2 दोनों सत्य हैं। [D] दोनों कथन असत्य हैं।

**Q5.** अजमेर में बीठली पहाड़ी पर स्थित प्रसिद्ध 'तारागढ़ दुर्ग' के संदर्भ में कौन सा कथन असत्य है?

[A] इस दुर्ग का निर्माण 11वीं सदी में चौहान शासक अजयराज द्वारा करवाया गया था, इसलिए इसे 'अजयमेरू दुर्ग' भी कहते हैं।
[B] बिशप हेबर ने इस किले को 'राजपूताना का जिब्राल्टर' कहा था।
[C] इस दुर्ग में प्रसिद्ध मुस्लिम संत मीरां साहब (मीर सैयद हसैन खिंगसवार) की दरगाह और घोड़े की मजार स्थित है।
[D] मेवाड़ के महाराणा कुंभा ने अपनी रानी तारा के नाम पर इसका नाम 'तारागढ़' रखा था।

प्रश्नों के उत्तर भेजे 9079051521 पर जो भी प्रतिभागी और पाठक नियमित प्रश्न के उत्तरों के जवाब देंगे उन्हें आकर्षक गिफ्ट दिया जाएगा
कल के अंक के उत्तर - 1 (A) 2 (B) 3 (C) 4 (B) 5 (B)

Dr. ANUSHKA GROUP OF INSTITUTES

# मेवाड़ की धरती पर दौड़े पोलो के घोड़े

मेवाड़ जगत

**वल्लभनगर।** उदयपुर जिले के नवानिया में 2 राज आर एंड वी रेजीमेंट एनसीसी नवानिया द्वारा हेडक्वार्टर डीजी एनसीसी के तत्वावधान में 10 दिवसीय पोलो प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। मेवाड़ क्षेत्र में घोड़े पालने और घुड़सवारी की समृद्ध परंपरा को ध्यान में रखते हुए यह अनूठा प्रयास किया गया। एनसीसी के सभी 17 निदेशालयों में यह अपनी तरह का पहला शिविर माना जा रहा है। शिविर के दौरान कैडेटों को पोलो खेल की बारीकियों का प्रशिक्षण दिया गया। पोलो एक प्रतिस्पर्धात्मक खेल हैए जिसमें घोड़े पर सवार खिलाड़ी स्टिक की सहायता से गेंद को प्रतिद्वंद्वी टीम के गोल तक पहुंचाने का प्रयास करते हैं। फुटबॉल की तरह यह भी टीम भावनाए रणनीति और कौशल पर आधारित खेल है, जिसमें



दोनों टीमों के चार.चार खिलाड़ी मैदान में उतरते हैं। शिविर के मुख्य प्रशिक्षक रिसालदार राइडर विजय सिंह रहे। विजय सिंह पिछले 25 वर्षों से प्रतिस्पर्धात्मक पोलो खेल रहे हैं और इस खेल में उनका लंबा अनुभव रहा है। उनके मार्गदर्शन में लगभग 100 कैडेटों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। ये कैडेट 2 राज आर एंड वी रेजीमेंट एनसीसी नवानिया तथा मेवाड़ क्षेत्र के करीब पांच जिलों से शामिल हुए थे। अधिकारियों ने बताया कि कैडेटों के उत्साह और खेल के प्रति रुचि को देखते हुए महानिदेशक एनसीसी (डीजी एनसीसी) ने ऐसे पोलो प्रशिक्षण शिविर देश के सभी 17 एनसीसी निदेशालयों में आयोजित करने के निर्देश दिए हैंए ताकि अधिक से अधिक कैडेटों को इस प्रतिष्ठित खेल में भाग लेने का अवसर मिल सके। कर्नल प्रकाश कुमार, कमान अधिकारी, 2 राज आर एंड वी रेजीमेंट एनसीसी नवानिया ने बताया कि पोलो भारत के सबसे पुराने और प्रतिष्ठित खेलों में से एक है। यह खेल प्रारंभिक दौर में राजा-महाराजाओं द्वारा खेला जाता था और अपनी समृद्ध विरासत तथा गौरवशाली परंपरा के लिए जाना जाता है। एनसीसी का उद्देश्य इस पारंपरिक खेल को नई पीढ़ी तक पहुंचाना तथा इसे आगे बढ़ाने का प्रयास करना है, ताकि युवाओं में खेल भावना, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और घुड़सवारी कौशल का विकास हो सके।पोलो प्रशिक्षण शिविर में कैडेट्स ने उत्साह और अनुशासन का शानदार प्रदर्शन किया।

### अहमदाबाद विमान हादसे की पहली बरसी, दादाजी कब लौटेंगे, मासूम पोती का सवाल आज भी रुला देता है परिवार को

# मेनारिया परिवार को अब भी सच्चाई और न्याय का इंतजार

## 4 हजार तस्वीरों में दिखा पिता का वॉलेट, लेकिन आज तक नहीं मिली आखिरी निशानी, परिवारों के मन में आज भी जिंदा

मेवाड़ जगत

**उदयपुर।** अहमदाबाद में हुए विमान हादसे की पहली बरसी है, लेकिन हादसे में अपनों को खोने वाले परिवारों का दर्द आज भी वैसा ही है जैसा एक साल पहले था। समय बीतने के साथ आंखों के आंसू भले सूख गए हों, लेकिन अपनों को खोने का गम और हादसे से जुड़े अनगिनत सवाल आज भी परिवारों के मन में जिंदा हैं। हादसे में अपने पिता को खोने वाले उदयपुर के वरदीचंद मेनारिया के परिवार का कहना है कि एक साल बाद भी उन्हें न तो हादसे की पूरी सच्चाई पता चल सकी है और न ही अपने पिता की अंतिम निशानियां मिल सकी हैं। 12 जून 2025 को अहमदाबाद एयरपोर्ट से लंदन के लिए उड़ान भरने वाला एयर इंडिया का बोइंग एआई-171 विमान टेक ऑफ के कुछ ही सेकंड बाद दुर्घटनाग्रस्त होकर आग के गोले में बदल गया था। इस भीषण हादसे में विमान में सवार 242 लोगों में से 241 यात्रियों सहित कुल 260 लोगों की मौत हो गई थी। मृतकों में उदयपुर के शुभ मोदी, शगुन मोदी, वरदीचंद मेनारिया और प्रकाश मेनारिया भी शामिल थे। इस हादसे ने सैकड़ों परिवारों की दुनिया उजाड़ दी और कई घरों से उनके अपने हमेशा के लिए छिन गए।





### दादाजी लंदन से कब आएंगे?

परिवार का सबसे भावुक पहलू छह वर्षीय पोती से जुड़ा है। दीपक बताते हैं कि उनकी बेटी आज भी अपने दादाजी के लौटने का इंतजार करती है। वह बार-बार पूछती है, दादाजी लंदन से कब आएंगे? इतना ही नहीं, वह उनके पुराने मोबाइल नंबर पर आज भी वॉइस मैसेज भेजती है। बच्ची को अभी तक पूरी तरह समझ नहीं है कि उसके दादाजी अब इस दुनिया में नहीं हैं।

हादसे में जान गंवाने वाले वरदीचंद मेनारिया के बड़े पुत्र दीपक मेनारिया बताते हैं कि उस दिन के बाद उनके परिवार का कोई भी सदस्य हवाई जहाज में नहीं बैठा। हादसे के बाद एयर इंडिया और टाटा समूह के अधिकारी उनके घर पहुंचे और हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया। उन्हें नौकरी भी दी गई, लेकिन अत्यधिक कार्य दबाव के कारण कुछ ही महीनों में नौकरी छोड़नी पड़ी।

### 4 हजार तस्वीरों में मिली पिता की आखिरी याद

दीपक मेनारिया बताते हैं कि एयर इंडिया की ओर से हादसे के बाद बरामद सामानों की तस्वीरें एक ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड की गई थीं। उन्होंने अपने पिता की किसी निशानी की तलाश में एक-एक तस्वीर देखनी शुरू की। करीब 4 हजार तस्वीरें देखने के बाद उन्हें एक फोटो में अपने पिता का वॉलेट दिखाई दिया। वॉलेट में रखा विजिटिंग कार्ड और फोटो देखकर उन्होंने तुरंत उसे पहचान लिया। उन्होंने बताया कि उस वॉलेट के लिए क्लेम भी कर दिया गयाए लेकिन एक साल बाद भी वह सामान परिवार तक नहीं पहुंचा है। उनके अनुसार वह वॉलेट कोई साधारण वस्तु नहीं, बल्कि पिता की आखिरी याद है। एयर इंडिया के अनुसार हादसे के बाद 22 हजार से अधिक निजी सामान सुरक्षित रखे गए थे, जिनमें से हजारों वस्तुओं की पहचान की जा चुकी है।

### हमें मुआवजा नहीं, सच्चाई चाहिए

वरदीचंद मेनारिया के पुत्र दिनेश मेनारिया का कहना है कि परिवार को अब किसी आर्थिक सहायता की अपेक्षा नहीं है। उनकी केवल एक मांग है कि हादसे की पूरी सच्चाई देश के सामने लाई जाए और इसके लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। उनका कहना है कि एक साल बाद भी परिवारों को न्याय और जवाब का इंतजार है। अहमदाबाद विमान हादसे को एक वर्ष पूरा हो चुका है, लेकिन मेनारिया परिवार सहित कई पीड़ित परिवारों के लिए यह दर्द आज भी उतना ही ताजा है। उन्हें उम्मीद है कि एक दिन हादसे की सच्चाई सामने आएगी और अपने प्रियजनों की आखिरी निशानियां उन्हें वापस मिलेंगी।

परिवार का आरोप है कि पीड़ित परिवारों के लिए बनाई गई हेल्पलाइन पर अब कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिलता और कई बार ई-मेल भेजने के बावजूद भी उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ।

---

## जिलेभर में ग्रामीण एवं शहरी सेवा शिविरों का शुभारंभ



मेवाड़ जगत

**उदयपुर।** जिले में शुक्रवार से ग्रामीण एवं शहरी सेवा शिविरों का शुभारंभ हुआ। जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल के निर्देशन में जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों एवं नगरीय क्षेत्रों में आयोजित शिविरों के माध्यम से आमजन को विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया जा रहा है। जिले के प्रभारी मंत्री हेमंत मीणा ने शु वार को उदयपुर प्रवास के दौरान शहरी सेवा शिविर का अवलोकन किया। प्रभारी मंत्री मीणा ने उदयपुर विकास प्राधिकरण ;यूडीएद्ध परिसर में संचालित शहरी सेवा शिविर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं की जानकारी ली तथा शिविर में पहुंचे लाभार्थियों से संवाद कर योजनाओं के तहत लाभ वितरित किए। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री मीणा ने कहा कि राज्य सरकार के सेवा शिविर सेवाए सुशासन और जनकल्याण की भावना को साकार कर रहे हैं। इन शिविरों का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करते हुए उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ उनके द्वार पर उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि सरकार आमजन के जीवन को सरल और सुगम बनाने के लिए प्रतिबद्ध है तथा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि पात्र व्यक्ति किसी भी योजना के लाभ से वंचित न रहे।

## 14 क्लस्टरों की मदिरा दुकानों के लिए 16 जून को होगी ई.नीलामी

मेवाड़ जगत

**उदयपुर।** प्रदेश में नवीनीकरण से शेष रही मदिरा दुकानों के बंदोबस्त के लिए आबकारी विभाग ने 16 जून को ऑनलाइन ई.नीलामी आयोजित करने का निर्णय लिया है। इस प्रक्रिया के तहत राज्य के 14 क्लस्टरों में शामिल 20 मदिरा दुकानों के अनुज्ञापत्र जारी किए जाएंगे।

आबकारी आयुक्त नमित मेहता के निर्देशानुसार आबकारी एवं मद्य संयम नीति 2025.29 में किए गए संशोधन के तहत यह ई.नीलामी मंगलवार, 16 जून 2026 को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक विभागीय ई.ऑक्शन पोर्टल पर आयोजित होगी। इच्छुक बोलीदाता निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार ऑनलाइन बोली लगा सकेंगे।

# पेसिफिक कॉलेज में छात्रों ने जाना एआई और तकनीक की नई दुनिया



मेवाड़ जगत

**उदयपुर।** तेजी से बदलती तकनीकी दुनिया में करियर के नए अवसरों को समझने और युवाओं को भविष्य के लिए तैयार करने के उद्देश्य से चित्रकूट नगर स्थित पेसिफिक्र कॉलेज में दो दिवसीय करियर काउंसलिंग एवं करियर गाइडेंस सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में आईटीआई के 200 से अधिक छात्र-छात्राओं के साथ कॉलेज के नवप्रवेशित विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में ओब्लिक एआई के विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस डिजिटल टेक्नोलॉजी, ऑटोमेशन और उभरते तकनीकी क्षेत्रों में उपलब्ध रोजगार एवं स्वरोजगार की संभावनाओं से परिचित कराया। विशेषज्ञों ने बताया कि आने वाले वर्षों में केवल पारंपरिक डिग्रियां ही नहीं, बल्कि तकनीकी कौशलए डिजिटल दक्षता और नवाचार आधारित सोच भी सफलता की कुंजी बनने वाली है। सत्र के दौरान विद्यार्थियों को विभिन्न तकनीकी कोर्स, स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम, इंडस्ट्री की वर्तमान आवश्यकताओं तथा रोजगार बाजार में तेजी से बदलते रुझानों की जानकारी दी गई। चेयरपर्सन आशीष अग्रवाल ने बताया कि आज के युवाओं के लिए नई तकनीकों को समझना और समय के साथ स्वयं को अपडेट रखना अत्यंत आवश्यक है। इसी क्रम में एआई डेटा एनालिटिक्स, मशीन लर्निंग और डिजिटल कम्युनिकेशन जैसे क्षेत्रों में भविष्य में व्यापक अवसर उपलब्ध होंगे।

# महिला समृद्धि बैंक ने स्थापना दिवस पर शुरू किया हरियालो राजस्थान अभियान

मेवाड़ जगत

**उदयपुर।** महिला समृद्धि बैंक ने अपने 32वें स्थापना दिवस के अवसर पर सामाजिक सरोकार निभाते हुए एक पेड़ मां के नाम एवं हरियालो राज-स्थान अभियान की शुरुआत की। सहकारिता विभाग के रजिस्ट्रार एवं शासन सचिव के निर्देशानुसार एकलिंगपुरा ग्राम में 10 पौधे और 10 परिंडे लगाकर अभियान का शुभारंभ किया गया। बैंक अध्यक्ष डॉ. किरण जैन ने बताया कि बैंक ने 31 वर्षों के दौरान उल्लेखनीय प्रगति की है और स्थापना दिवस को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ते हुए वृक्षारोपण अभियान शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण केवल पर्यावरण संरक्षण का माध्यम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी भी है। एक पेड़ मां के नाम अभियान प्रकृति और मातृत्व



दोनों के सम्मान का संदेश देता है। उन्होंने बताया कि संचालक मंडल ने सामूहिक वृक्षारोपण के साथ-साथ व्यक्तिगत स्तर पर भी पौधे लगाने का संकल्प लिया है। कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियों ने बैंक की गौरवपूर्ण यात्रा को याद करते हुए समाज सेवा और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम का संचालन मुख्य कार्यकारी अधिकारी विनोद चपलोत ने कियाए जबकि उपाध्यक्ष विमला मूंदड़ा ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर निदेशक मीनाक्षी श्रीमाली, संजना मीणा, विद्याकिरण अग्रवाल, मंजू शर्मा, निशा सालवी, सुमन कोठारी, सुशीला मांडावत, सुभाषिनी शर्मा, आशालता सिंघवी, विंकल मोगरा, महाप्रबंधक निपुण चित्तौड़ा सहित बैंक कर्मी, ग्रामवासी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# साई तिरूपति विश्वविद्यालय का चतुर्थ दीक्षांत समारोह शनिवार को

मेवाड़ जगत

**उदयपुर ।** उमरडा स्थित साई तिरूपति विश्वविद्यालय का चतुर्थ दीक्षांत समारोह शनिवार 13 जून को मेवाड़ बैंक्वेट हॉल में आयोजित किया जायेगा। कुलपति प्रो. डॉ. प्रशांत नाहर ने बताया कि समारोह में विश्वविद्यालय के स्नातक, स्नाकोत्तर तथा पीएचडी छात्रों को डिग्री तथा सर्टिफिकेट ऑफ मेरिट प्रदान किए जायेंगे। विश्वविद्यालय में दक्षिणी राजस्थान के अग्रणी मेडिकल कॉलेज व हॉस्पिटल पिम्स के अलावा नर्सिंग, फार्मेसी, फिजियोथेरेपी, पेरामेडिकल, प्रबंधन, फैशन डिजाइनिंग, कंप्युटर साइंसेज़ तथा अन्य प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों से सम्बन्धित कॉलेज संचालित हैं। समारोह के मुख्य अतिथि आरएनटी मेडिकल कॉलेज उदयपुर के प्रिंसिपल डॉ. राहुल जैन होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता चेयरपर्सन आशीष अग्रवाल, सीईओ शीतल अग्रवाल तथा एमडी नमन अग्रवाल करेंगे। कार्यक्रम का संयोजन रजिस्ट्रार डॉ. देवेन्द्र जैन द्वारा किया जायेगा।

# प्राकृतिक वातावरण में ग्रामीण महिलाओं ने किया ध्यान योग



मेवाड़ जगत

**उदयपुर।** अंतराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में हार्टफुलनेस संस्थान की ओर से विभिन्न संस्थाओं एवं संगठनों में योग प्रोटोकॉल आधारित कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में बड़गांव स्थित कृषि विज्ञान केंद्र, विद्या भवन एवं रूरल इंस्टीट्यूट उदयपुर के सहयोग से ग्रामीण महिलाओं के लिए ध्यान योग एवं प्राणायाम कार्यक्रम आयोजित किया गया। खेत-खलिहानों के प्राकृतिक वातावरण में आयोजित इस कार्यक्रम में ग्रामीण महिलाओं को हार्टफुलनेस ध्यान योग का अभ्यास कराया गया। सेंटर कोऑर्डिनेटर डॉ. राकेश दशोरा ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के तहत योग फॉर एजिंग थीम पर आयोजित कार्यक्रम में आत्मिक शांति और स्वस्थ जीवन के लिए ध्यान योग का महत्व बताया गया। मेडिटेशन ट्रेनर डॉ. सुबोध शर्मा ने प्रतिभागियों को रिलैक्सेशन तकनीकों के माध्यम से शरीर और मन को शांत रखने का अभ्यास कराया। वहीं योग प्रशिक्षक सुनीता ने योगासन एवं प्राणायाम के जरिए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के प्रमुख वैज्ञानिक एवं प्रबंधक डॉ. पी. सी. भटनागर तथा केंद्र के स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।

# खामोश दुनिया में गूंजेगी अम्मी की आवाज



मेवाड़ जगत

**उदयपुर।** जन्म से सुनने और बोलने में असमर्थ 5 वर्षीय मोहम्मद अली के जीवन में अब नई उम्मीद की किरण जगी है। सिरोही निवासी इस मासूम का पीएमसीएच अस्पताल में निः शुल्क कॉकलियर इम्प्लांट ऑपरेशन सफलतापूर्वक किया गया है। अब जल्द ही वह अपनी मां की आवाज सुन सकेगा और सामान्य बच्चों की तरह बोलना सीख सकेगा। मोहम्मद अली के माता-पिता को तब चिंता हुई जब दो वर्ष की आयु तक पहुंचने के बाद भी वह किसी आवाज पर प्रतिक्रिया नहीं देता था और न ही बोल पाता था। परिवार उसे इलाज के लिए अहमदाबाद और जयपुर के कई बड़े अस्पतालों में लेकर गयाए जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने कॉकलियर इम्प्लांट की सलाह दी। लेकिन करीब 10 लाख रुपए के खर्च ने आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की उम्मीदें तोड़ दीं। इसी बीच परिवार पीएमसीएच अस्पताल पहुंचा, जहां बच्चे की स्थिति और परिवार की आर्थिक परेशानी को देखते हुए अस्पताल के चेयरमैन राहुल अग्रवाल ने मानवीय पहल करते हुए ऑपरेशन के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई। उनकी पहल से बच्चे के इलाज का रास्ता खुल सका।

# उदयपुर में हाईकोर्ट बेंच की मांग पहुंची दिल्ली, केंद्रीय विधि मंत्री से मिला प्रतिनिधिमंडल



मेवाड़ जगत

**उदयपुर।** उदयपुर संभाग मुख्यालय पर हाईकोर्ट बेंच की स्थापना की लंबे समय से चली आ रही मांग को लेकर मेवाड़-वागड़ हाईकोर्ट बेंच संघर्ष समिति एवं बार एसोसिएशन उदयपुर का प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को नई दिल्ली में केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने उदयपुर में हाईकोर्ट बेंच की आवश्यकता बताते हुए विस्तृत ज्ञापन सौंपा और शीघ्र निर्णय की मांग की। संघर्ष समिति के मीडिया प्रभारी हरीश पालीवाल ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल संघर्ष समिति के संयोजक एडवोकेट रमेश नंदवाना और बार एसोसिएशन उदयपुर के अध्यक्ष जितेंद्र जैन के नेतृत्व में नई दिल्ली पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात केंद्रीय विधि मंत्री से कराने में गुलाब चंद कटारिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने पूर्व निर्धारित समय तय करवाया और स्वयं भी प्रतिनिधिमंडल के साथ विधि मंत्री के निवास पर पहुंचे। बैठक के दौरान संयोजक रमेश नंदवाना ने उदयपुर संभाग में हाईकोर्ट बेंच की आवश्यकता पर विस्तार से पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि उदयपुर संभाग आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है और संविधान की पांचवीं अनुसूची के प्रावधानों के तहत यहां हाईकोर्ट बेंच स्थापित करने का मजबूत आधार मौजूद है। संभाग के नागरिकों, अधिवक्ताओं और वादकारियों को न्यायिक कार्यों के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है, जिससे समय और धन दोनों की हानि होती है। प्रतिनिधिमंडल ने विधि मंत्री को बताया कि हाईकोर्ट बेंच के अभाव में बड़ी संख्या में अपीलें लंबित हैं तथा कई मामलों में न्याय मिलने में अनावश्यक देरी हो रही है। साथ ही महाराष्ट्र झारखंड और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में स्थापित हाईकोर्ट बेंचों के उदाहरण भी प्रस्तुत किए गए। बार एसोसिएशन अध्यक्ष जितेंद्र जैन ने उदयपुर में हाईकोर्ट बेंच की 44 वर्षों से लंबित मांग का उल्लेख करते हुए ज्ञापन सौंपा और कहा कि मेवाड़ वागड़ क्षेत्र के लोगों को न्याय तक आसान पहुंच उपलब्ध कराने के लिए उदयपुर में हाईकोर्ट बेंच की स्थापना आवश्यक है

## ओबीसी समाज महाराणा प्रताप जयंती का घर-घर जाकर देगा निमंत्रण

**उदयपुर।** सर्व ओबीसी समाज महापंचायत ट्रस्ट की बैठक माली कॉलोनी स्थित ट्रस्ट कार्यालय में अध्यक्ष लोकेश चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में महाराणा प्रताप जयंती समारोह एवं जातिगत जनगणना जागरूकता अभियान सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। ट्रस्ट के प्रवक्ता नरेश पूर्बिया ने बताया कि महाराणा प्रताप की 486वीं जयंती के अवसर पर ट्रस्ट के सदस्य ओबीसी समाज के घर-घर जाकर निमंत्रण पत्र वितरित करेंगे। साथ ही समाजजनों से क्षत्रिय महासभा एवं नगर निगम के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित जयंती समारोह में भाग लेने का आग्रह किया जाएगा। इसके तहत मोती मंगरी में प्रातः 7.30 बजे आयोजित कार्यक्रम, हाथीपोल से सुबह 8.30 बजे निकलने वाली शोभायात्रा तथा टाउन हॉल में सुबह 11 बजे होने वाली आमसभा में अधिकाधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान किया जाएगा। ट्रस्ट के संस्थापक दिनेश माली ने बताया कि जातिगत जनगणना को लेकर भी विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत ट्रस्ट के सदस्य विभिन्न ओबीसी बहुल क्षेत्रों में समाज अध्यक्षों एवं कार्यकारिणी सदस्यों के साथ बैठकें कर लोगों को जनगणना के महत्व के प्रति जागरूक करेंगे।

## प्रशासनिक असंतुलन के विरोध में रेसा का शंखनाद

मेवाड़ जगत

**उदयपुर।** राजस्थान शिक्षा सेवा परिषद ने शिक्षा विभाग में प्रशासनिक असंतुलन और पदोन्नति संबंधी समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री के नाम 22 सूत्रीय मांग.पत्र जिला कलेक्टर को सौंपा। संगठन ने मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं होने पर प्रदेशव्यापी आंदोलन की चेतावनी दी है। रेसा पदाधिकारियों ने बताया कि शिक्षा विभाग राज्य का सबसे बड़ा विभाग होने के बावजूद इसके प्रशासनिक ढांचे में अपेक्षित सुधार नहीं हुए हैं। इसके कारण अधिकारियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों को विभिन्न स्तरों पर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। संगठन के अनुसार प्रदेश में करीब 19 हजार प्रधानाचार्य कार्यरत हैं, जबकि उच्च प्रशासनिक पदों की संख्या बेहद सीमित है। इससे पदोन्नति के अवसर कम हो गए हैं और अधिकांश प्रधानाचार्य उसी पद से सेवानिवृत्त हो जाते हैं। परिषद ने प्रधानाचार्य और जिला शिक्षा अधिकारी के बीच एक नया पदोन्नति पद सृजित करने की मांग उठाई है। साथ ही एसीबीईओ, एडीईओ, सहायक निदेशक, एपीसी सहित विभिन्न पदों के अपग्रेडेशन कर नए पदों का सृजन करने की आवश्यकता बताई। ज्ञापन में जिला शिक्षा अधिकारी से अतिरिक्त निदेशक स्तर तक नए पद सृजित करने, कैडर पुनर्गठन तथा वर्ष 2026-27 की लंबित डीपीसी शीघ्र आयोजित करने की मांग भी शामिल है। रेसा ने प्रधानाचार्यों का वेतनमान केंद्र सरकार के विद्यालयों के अनुरूप करने तथा पीईईओ और यूसीईईओ को अतिरिक्त दायित्वों के बदले मूल वेतन का 10 प्रतिशत विशेष भत्ता देने की मांग भी उठाई।

## बस के हुए ब्रेक फेल

**उदयपुर।** झाड़ोल में शुक्रवार सुबह नेशनल हाईवे 58 उदयपुर से ईडर पर खेरिया घाटा घाटी के पास 50 से ज्यादा यात्रियों से भरी एक बस के अचानक ब्रेक फेल हो गए। ब्रेक फेल होते ही बस बेकाबू होकर करीब 2 मिनट तक खाई के किनारे-किनारे दौड़ती रही। जहां से बस निकली, वहां करीब 150 से 200 फीट गहरी खाई थी। बस में चीख-पुकार मच गई, लेकिन ड्राइवर ने हि मत नहीं हारी। ड्राइवर ने सूझबूझ दिखाते हुए बस को सड़क के दूसरी तरफ पत्थरों से टकराकर रोक दिया। एक बड़ा हादसा टल गया।

## उदयपुर के दिनेश कोठारी का फोटोग्राफ इटली में प्रदर्शित होगा




मेवाड़ जगत

**उदयपुर।** सेवानिवृत्त आरएएस अधिकारी एवं प्रसिद्ध फोटोग्राफर दिनेश कोठारी की एक उत्कृष्ट फोटोग्राफी का चयन भारत एवं इटली की संयुक्त अंतरराष्ट्रीय फोटो प्रदर्शनी प्रोग्रेस फेस्टिवल के लिए किया गया है। यह फोटोग्राफ जून के अंतिम सप्ताह में इटली के शहर जेनोआ में आयोजित होने वाली प्रदर्शनी में प्रदर्शित किया जाएगा। यह अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी भारत-इटली कला विनिमय कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित की जा रही है। आयोजन में फोटोग्राफी क्लब ऑफ इंडिया तथा इटली की संस्था प्रोग्रेसिव स्ट्रीट द्वारा आयोजित की जाएगी। दिनेश कोठारी की फोटोग्राफी को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहले भी सराहना मिल चुकी है। इससे पूर्व उनके फोटोग्राफ लन्दन, आयरलैंड और सिंगापुर में भी प्रदर्शित किए जा चुके हैं।

## घाटावाली माताजी के पास चलती स्लीपर बस के इंजन में लगी आग

मेवाड़ जगत

**उदयपुर।** उदयपुर-चित्तौड़गढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर घाटावाली माताजी के पास शुक्रवार दोपहर एक स्लीपर बस के इंजन में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। बस चित्तौड़गढ़ से उदयपुर की ओर आ रही थी। आग लगते ही चालक ने तत्परता दिखाते हुए बस को तुरंत सड़क किनारे रोक दिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। अचानक धुआं और आग की लपटें दिखाई देने पर बस में सवार यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। चालक और



परिचालक ने सभी यात्रियों को तुरंत सुरक्षित बस से बाहर निकाला। इसके बाद चालक ने बस में उपलब्ध पानी की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया और कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया। घटना की सूचना मिलने पर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए।



## तत्कालीन सरपंच ने किया 31 लाख रूपए गबन, अब हुआ मामला दर्ज

मेवाड़ जगत

**उदयपुर।** ऋषभदेव की ग्राम पंचायत गड़ावत केफ्तत्कालीन सरपंच ने अपने पद पर रहते हुए 31 लाख रूपए का गबन कर सरकार को नुकसान पहुँचाने का मामला सामने आया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पंचायत समिति ऋषभदेव के विकास अधिकारी पंकज कुमार आर्य ने रिपोर्ट दी कि ग्राम पंचायत गडावत केफ्तत्कालीन सरपंच रूपलाल मीणा के खिलाफ शिकायतें मिलने पर जिला कार्यक्रम समन्वयक महानरेगा एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा गठित कमेटी ने की। जांच रिपोर्ट में ग्राम पंचायत गडावत केफ्तत्कालीन सरपंच रूपलाल मीणा निवासी बिलख पाल ऋषभदेव प्रथम दृष्टया दोषी पाया गया। स्वच्छ भारत मिशन में व्यक्तिगत शौचालयों में अनियमित व्यय में 4 लाख 81 हजार 155 रूपए, प्रधानमंत्री आवास योजना में वर्ष 2015 से 2020फ्तक के कुल 38 आवासो की जांच में से 16 अपात्र लाभर्थियो को अनियमित लाभ पहुँचाने साथ ही 22 लाख 6 हजार 560 रूपए, स्थानीय विधायक मद से स्वीकृत सामुदायिक भवन कलावत फलां ग्राम पंचायत गडावत स्वीकृत करा अपने निजी फार्म हाउस के बाउंड्रीवाल के अंदर अवैध निर्माण करवाया और सामुदायिक भवन पर 5 लाख रूपए का गबन किया। ग्राम पंचायत गडावत केफ्तत्कालीन सरपंच रूपलाल मीणा ने अपने पर पर रहते हुए पद का दुरूपयोग कर 31 लाख 87 हजार 715 रूपए का गबन किया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## किसान निधि राशी दिलाने का झांसा देकर जमीन हड़पने में एक आरोपी गिरफ्तार



मेवाड़ जगत

**उदयपुर।** फलासिया पुलिस ने किसान निधि राशी दिलाने का झांसा देकर और दो महिलाओं के स्थान पर अन्य महिलाओ को खड़ा कर जमीन हड़पने में फरार एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार सुखा उर्फ सुका पुत्र कुका भील निवासी करेल झाडोल ने 6 अप्रैल को रिपोर्ट दी कि प्रार्थी सुखा, नकीदेवी, परता, बसुलाल उर्फ बसूडा, चंदना, सविता के नाम करेल में जमीन है। इस जमीन को हडपने के लिए शंकरलाल पुत्र नानजी भील निवासी करेल, रोशन पुत्र हलू मीणा निवासी करेल, हीरालाल पुत्र रामा भील निवासी आदीवास, सुगना पत्नी रोशन भील निवासी करेल ने मिलकर षडयंत्र रचकर उससे, नकीदेवी, परता, बसुलाल उर्फ बसूडा स पर्क किया एवं किसान स मान निधि के तहत राशि दिलाने का आश्वासन देकर हमे तहसीलदार कार्यालय में लेकर गए और हमारे नाम से धोखे से जमीन के बेचने के दस्तावेज तैयार करा हमे किसान स मान निधि की राशि दिलाने का झांसा देकर हस्ताक्षर, अगूंठा निशानी करवा दी। हमसे तहसील कार्यालय में भी कुछ पूछा नहीं और हमारी जमीन का फर्जी रजिस्ट्री करवा दी। पंजीयन के समय रजिस्ट्री में चंदना के स्थान पर रोशन की पत्नी सुगना देवी व सविता के स्थान पर आरोपी ने उसकी भतीजी नवली को खड़ा कर दिया, जबकी नवली को भी इसकी जानकारी नहीं होने दी। हम सभी अनपढ़ होने के कारण आरोपियों के षडयंत्र की हमे जानकारी नहीं पता चली। तहसील से बाहर आने के बाद आरोपियों ने कहा कि तु हारी किसान स मान निधि की राशि तु हारे खाते में आ जाएगी। लेकिन आज तक कोई राशि हमारे खाते में नहीं आयी। अभी हाल ही में 25 जनवरी को आरोपियों ने मौके पर आकर हमे धमकियां दी कि यह जमीन मेरे खाते की है, यहाँ से तु हारा कब्जा हटा लेना वरना जान से मार दूंगा। जिस पर हमने जमीन की नकल निकलवाई तो पता चला आरोपी शंकर ने धोखे से जमीन उसके नाम करवा दी और रजिस्ट्री देखने पर पता चला। शंकरलाल, रोशनलाल, हीरालाल, सुगना ने मिलकर हमारी जमीन की फर्जी रजिस्ट्री धोखे से करवा दी। अब आरोपी उसे धमकियां दे रहे है। अभी हाल में आरोपी शंकरलाल ने धोखे से रजिस्टी कराई हुई जमीन को उसके पुत्र दीपक कुमार व संजय कुमार के नाम रजिस्ट्री करवा दी गई है। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज इस प्रकरण में जांच करते हुए शंकरलाल पुत्र स्व. नानजी कसोटा निवासी नाल फलां करेल फलासिया को गिरफ्तार किया है।

## ट्रेक्टर में पत्थर भर रही महिला के साथ काकी सास और अन्य ने की मारपीट

मेवाड़ जगत

**उदयपुर।** काकिया ससुर के ट्रेक्टर में पत्थर भर रह एक महिला के साथ काकिया सास और अन्य से मारपीट कर अधमरा कर दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसारफ्तुलसीबाई पतनी स्व. मोहनराम गमेती निवासी पुनावली रूपण की वरली सायरा ने रिपोर्ट दी कि 10 जून दोपहर 2 बजे प्रार्थीया के गांव में होगर वडलिया नामक जगह पर अपने काकीया ससुर कमलेश के ट्रेक्टर की ट्रोली में पत्थर भर रही थी किफ्तभी वहां पर मेरे काकीया ससुर की पत्नी भमरीबाई, काकिया ससुर का साला पन्नाराम निवासी उमरोद, काकिया ससुर की पुत्री रतनी एवं 2 अन्य व्यक्ति लट्ठ लेकर आए और प्रार्थीया के साथ गाली गलोच करते हुए लट्ठ से गंभीर मारपीट करनी शुरू कर दी। मारपीट के दौरान प्रार्थीया के जांघ पर, पीठ पर एवं शरीर के अन्य भागों में काफी गंभीर चोट आई। लोगों द्वारा मेरे साथ मारपीट करने से प्रार्थीया बेसुध हो गई। बाद आरोपी प्रार्थीया को घसीटते हुए वहा से दूर ले जाने लगेफ्तो प्रार्थीया के बच्चों ने देखकर शोर मचायफ्तो आरोपी उसे वहां पर छोड़कर भाग गए। रिपोर्ट पर सायरा पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## फोन कर युवक को बुलाकर तीन युवकों ने की मारपीट, पुलिस ने किया मामला दर्ज

मेवाड़ जगत

उदयपुर। शहर के किशनपोल क्षेत्र में मित्र को घर छोड़ने जा रहे एक युवक को फोन कर बुलाकर कुछ युवकों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार विवेक पुत्र गोविन्द सिंगोलिया निवासी किशनपोल ने रिपोर्ट दी कि 10 जून को रात्रि 10.15 मिनट पर मै मेरे घर पर था। मेरा दोस्त भावेश घारू पुत्र जगदीश घारू निवासी इन्द्रानगर बीडा भी मेरे घर पर था, जिसको मैं उसके घर छोडने जा रहा था कि जतिन पुत्र विक्की निवासी इन्द्रा नगर बीडा का मैसेज आया, जिसमें उसने मुझे उसके घर के बाहर मिलने के लिए बुलाया। उस समय वहां पर राजवीर पुत्र हरीश सोनवाल, तनिष पुत्र अजय सोदे, विपुल पुत्र हरीश सोनवाल मौजूद थे। जिन्होने मेरे साथ मारपीट की तथा राजवीर सोनवाल ने नुकीली धारदार चीज से मेरे सिर में मारी, जिससे मेरे सिर में गंभीर चोट आई। इन सभी ने मिलकर मेरे बेल्ट से मारपीट की। इस दौरान भावेश घारु ने बीच-बचाव किया तो उसके साथ भी मारपीट की। रिपोर्ट पर सूरजपोल थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## साईबर ठगी का आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर।** साईबर थाना पुलिस ने साईबर ठगी का पैसा मंगवाने में फरार एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार साईबर अपराधो की रोकथाम के लिए संदिग्ध बैंक खातों की जांच की जा रही थी। इस दौरान एक संदिग्ध बैंक खाते की जानकारी मिली। यह खाता अंकित पुत्र राजकुमार सुहालका निवासी टेकरी पुलिस लाईन टक्रों इंडिया के पास का था। इस पर उससे बुलाकर पूछताछ की तो उसने बताया कि वह तथा उसका मित्र तुषार नाथ रावल निवासी आकाशवाणी कॉलोनी प्रतापनगर तथा अन्य मित्र ध्रुव जैन के कहने पर हम साथ मिलकर साइबर फ्रोड की राशि अपने बैंक खातो मे प्राप्त करते थे। अंकित सुहालका का खाता साईबर फ्रोड में उपयोग हुआ है। अंकित सुहालका के खाते के खिलाफ बनाशंकरी बैगलोर सिटी कर्नाटक पर एक प्रकरण दर्ज है, जिसमे 42 लाख रूपए धोखा हुआ था और इस बैंक खाते में 4 लाख रूपए का ट्रांजेक्शन होना सामने आया। इस खाते पर अलग-अलग 4 राज्यो में 6 शिकायत दर्ज है। इस पर प्रकरण दर्ज कर जांच करते हुए इस प्रकरण में फरार ध्रुव पुत्र जितेन्द्र कुमार जैन निवासी सर्वत्रृतु विलास सूरजपोल को गिरफ्तार किया है।




## युवक ने की आत्महत्या, उकसाने में दो आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर।** डबोक पुलिस ने एक किशोर को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नारायण लाल पुत्र लोगर मीणा निवासी गोवला डबोक ने रिपोर्ट दी कि मेर छोटा भाई देवीलाल मीणा को 7 जून को शाम को 7.30 बजे तक उसके दिनेश उसको लेकर गया। करीब 12 घंटे बाद दिनेश पुनः घर पर शराब पीकर आया और गाली गलौच करने लगा और घर तोड फोड की। दिनेश ने बोला एक-एक का बदला लूंगा। दिनेश ने घर में फोड कर दी और घर के केलू फोड दिए। इस दौरान एक पत्थर दादी को लगा। मेरी बहन इन्द्रा ने पूछा देवीलाल कहां है तो उसने गाली गलौच की और दिनेश झगडा करने के बाद घर चला गया। वह अपने परिवार के लोग देवीलाल को रात भर तलाशते रहे। सुबह करीब 6 बजे हम लोग तलाशते हुए नाडी का पार पहुंचे तो एक पेड पर मेरा भाई फांसी के फंदे पर लटका नजर आया। मेरे परिवार के लोग मौके पर एकत्रित हुए व पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर आकर शव उतरवाकर पोस्टमार्टम करवाया।